# गया मेयर गणेश पासवान की कुर्सी पर मंडराया खतरा

**बंगाली होते हुए दुसाध जाति के नाम पर मेयर बनने का आरोप**

**सामान्य प्रशासन विभाग ने चुनाव आयोग को भेजा रिपोर्ट**

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** गया नगर निगम के मेयर गणेश पासवान अनुसूचित जाति की हकमारी कर मेयर के पद पर बैठे हैं। मेयर गणेश पासवान की मूल जाति बंगाली है। ऐसा कमजोर वर्ग के सामान्य प्रशासन विभाग की जांच रिपोर्ट में कहा गया है। जांच करने वाली समिति ने चुनाव आयोग को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। 18 जून को इस मसले पर आयोग ने तिथि मुकर्रर की है। रिपोर्ट पर 18 जून को सुनवाई होगी। समिति की जांच रिपोर्ट के साथ ही अब मेयर गणेश पासवान की कुर्सी खतरे में पड़ गई है। गणेश पासवान दुसाध जाति के नाम के बदौलत बीते दो बार से मेयर पद पर बने हुए हैं। इस बात की जानकारी भाजपा नेता पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान ने प्रेस कांफ्रेंस में दी।



पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान

**पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान हैं पक्षकार:** उन्होंने बताया कि गया नगर निगम के मेयर बिरेन्द्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की जाति को लेकर एक अहम निर्णय आया है। कमजोर वर्ग सामान्य प्रशासन की समिति ने पासवान द्वारा अनुसूचित जाति (दुसाध) होने के दावे को खारिज कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसकी जांच अपराध अनुसंधान विभाग से कराई गई, जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जांच कर रही टीम ने यह निर्णय दिया कि गया के मेयर दुसाध जाति से नहीं आते हैं। इसकी पूरी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग सहित सभी संबंधित पदाधिकारी तथा पक्षों को भी दी गई है। बोधगया के पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान जो कि इस मामले में पक्षकार हैं। उन्होंने आदेश की एक प्रति सलंग्न करते हुए अपने आवेदन में मेयर को निगम के किसी कार्य में हस्तक्षेप नहीं करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के आलोक में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। एक पत्र उन्होंने नगर निगम के आयुक्त को दिया है।

**निर्वाचन की मान्यता रद्द करने की मांग:** पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान ने कहा कि अनुसूचित जाति की हकमारी को लेकर उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाई का परिणाम है कि उन्हें न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि जिस पद पर एक अनुसूचित जाति के किसी व्यक्ति को होना चाहिए था, लेकिन उस पर गैर अनुसूचित वर्ग का आदमी गलत तरीके से बैठा है। उन्होंने बताया कि जितनी जल्द इनके निर्वाचन की मान्यता को रद्द कर दिया जाए वह अनुसूचित जाति के लोगों के हक में अच्छा रहेगा। प्रेस कांफ्रेंस में अखिल भारतीय भारतीय दुसाध उत्थान संघ के नेता आकाश कुमार उर्फ भंटा पासवान, पार्षद राहुल कुमार, पूर्व मेयर सोनी देवी के प्रतिनिधि विक्की शर्मा उपस्थित थे।

**अब राज्य निर्वाचन आयुक्त के पाले में गेंद:** यह फैसला गया नगर निगम मेयर पद के लिए अहम है, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। आयोग के इस निर्णय के बाद बिरेन्द्र कुमार उर्फ गणेश पासवान के मेयर बने रहने पर संशय उत्पन्न हो गया है। खास बात यह भी यह मसला 2018 में भी तेजी से उठा था, लेकिन किसी वजह से वह दब गया था। आवाज उठाने वाले ने भी चुप्पी साध ली थी।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा किसान मोर्चा ने की विशेष पूजा अर्चना



**गया (रासासं):** देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के ताजपोसी के बाद भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में माता भद्रकाली का दर्शन करके देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे 5 साल की सरकार चले श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बने इसी मनोकामना के लिए माता रानी से विशेष पूजा अर्चना की। माता रानी के विशेष पूजा में शामिल होने होने के बाद डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा हम लोग का मन्नत था कि देश के प्रधानमंत्री से नरेंद्र भाई मोदी जी तीसरी बार शपथ लेंगे तो माता भद्रकाली का विशेष पूजा अर्चना करेंगे माता रानी हम लोग को मनोकामना पूर्ण कर दी देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर माता के दरबार में विशेष अर्चना किया आज विशेष पूजा आचार्य करने वालों में राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता सुनील बंबईया, अभिषेक कुमार, बबलू गुप्ता मौजूद थे।

### बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोह (रासासं):** बुधवार को उपहारा थाना परिसर में आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष मनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हो गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने कहा कि 17 से 19 जून तक तीन दिन में बकरीद का पर्व मनाई जाएगी। शांतिपूर्ण और भाईचारा के साथ यह पर्व मनाएं। हुड़दंग करने वाले को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन को आपलोग सहयोग करें प्रशासन आपका सहयोग करने के लिए 24 घंटे तत्पर है। बैठक में सरपंच रामकेवल पासवान, रामकुमार, तम्मना खान, मंजूर अंसारी, नूर हसन अंसारी, लखन पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### बीज वितरण के दौरान किसानों में दिखा उत्साह

**गोह (रासासं):** मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में बुधवार को खरीफ महा अभियान 2024 के तहत किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण के दौरान प्रखंड क्षेत्र के छोटे एवं मध्यम किसान कृषि भवन में पहुंचकर बीज प्राप्त कर काफी उत्साहित दिखें। बीज वितरण के समय प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि खरीफ महा अभियान के उपरांत सरकारी मूल्य पर सुचारू रूप से ज्वार, बाजरा, मडुवा, चीना,धान का बीज वितरण किया गया है। एक सप्ताह से यह कार्य प्रखंड स्तर पर चल रहा है। प्रचंड गर्मी के बावजूद भी बीज के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। कृषि पदाधिकारी की ओर से प्रयास है कि प्रखंड क्षेत्र के सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध हो। अगर किसी भी किसान को बीज लेने में कठिनाइ होती है तो उसे जल्द समाधान किया जाएगा।

### प्रेम प्रसंग में युवक युवती ने रचाई शादी



**परैया (रासासं):** परैया थाना में बुधवार को प्रेम प्रसंग में घर से भाग कर युवक युवती ने शादी रचाई। बता दे पलाकी के गीतू कुमारी ने अपने गॉव सें सटे रौना के निवासी योगेंद्र चौधरी के पुत्र सुनील कुमार सें परैया थाना के मंदिर में हिन्दू - रिति-रिवाजों के साथ सिंदूर देकर साथ निभाने की कसमें खाई। सुनील कुमार एवं गीतू कुमारी दोनों प्रेमी जोड़ियों ने बताया की यह विवाह हम अपने स्वेच्छा सें कर रहे है इसमें किसी प्रकार का कोई जोर - जबरजस्ती नहीं है।इस मौके पर परैया थाना में आपतकालीन सेवा 112 के टीमों के उपस्थिति में यह शादी हुई। वहाँ पर उपस्थित परिजनों को पैर छूकर आशीर्वाद लिया ।

### एयरपोर्ट डायरेक्टर ने किया हवाई अड्डा गेट नंबर वन का उद्घाटन



**गया (रासासं):** गया हवाई अड्ड़ा गेट नंबर 1 का विधिवत उद्घाटन बंगजीत साहा, एयरपोर्ट डायरेक्टर ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर श्री बीके. सिंह डिप्टी कमांडेंट, सी.आई एस.एफ अवधेश कुमार, उपमहाप्रबंधक एटीसी) अविनाश एम.वीसोरेंग उपमहाप्रबंधक (संचार), परशुराम, सहायक महाप्रबंधक (सिविल) के साथ -साथ भाविप्रा एवं सी.आई. एस. एफ. के अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। एप्रो पथ, डोभी रोड की तरफ से हवाई अड्डा आने वाले लोगों/ यात्रियों को नवनिर्मित गेट काफी आकर्षित कर रहा है। हवाई अड्डा पर नवनिर्मित गेट से आगमन एवं प्रस्थान हेतु पृथक पथ का भी निर्माण किया गया है इससे यातायात में भी काफी सहूलियत होगी।

### मोदी सरकार ने दी है बिहार के विकास की गारंटी

**गया (रासासं):** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र में हैट्रिक मोदी सरकार बनते ही बिहार को विकास की गारंटी मोदी सरकार ने दी। बिहार को केंद्रीय करों में 14 हजार करोड रुपए से अधिक की राशि की हिस्सेदारी दी। 14 050.12 करोड रुपए की राशि से बिहार को विशेष वित्तीय सहायता की तोहफा दे बिहार के प्रति मोदी जी ने प्यार जताया। अब बिहार को विकास की गति को लगेंगे पंख।

### नवनिर्वाचित सांसद का हुआ अभिनंदन

**परैया (रासासं):** परैया प्रखण्ड के अंतर्गत आए +2 अशोक उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को नवनिर्वाचित सांसद आगमन को लेकर अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल के प्रखण्ड अध्यक्ष लालदेव यादव के अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष डॉ अजय कुमार के द्वारा किया गया।अभिनंदन समारोह राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा के स्वागत को लेकर की गई। इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख जितेन्द्र प्रसाद नारायण,आजाद कुमार,एवं सभी राजद कार्यकर्त्ता गण के मौजूद रहे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**इमामगंज (रासासं):** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रभारी थाना अध्यक्ष रास बिहारी सिंह ने किया. उन्होंने मौजूद लोगो से अपील किया कि बकरीद परंपरागत तरीके से मनाये. अगर कोई दिक्कत हो तो पुलिस को सूचना दे. इस मौके पर एसआइ स्वीटी कुमारी, समाजसेवी कारू सिंह, नरेश पासवान, मनोज शर्मा, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

**इमामगंज (रासासं):** इमामगंज प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा पंचायत के विनेका गांव में निः शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि गांव की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निः शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान 18 से 50 की उम्र तक की गांव के सभी महिलाओ को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# रूपये लेकर जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने वाले मां-बेटा गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** गया में 50 लाख रुपए एडवांस लेने के बावजूद प्लाट की रजिस्ट्री नहीं करने और पैसे वापस नहीं करने वाले दो आरोपी को रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने 1 करोड़ 20 लाख रुपए में अपने प्लाट का सौदा तय किया था। आरोपियों को जमीन प्लाट खरीदने वालों ने 50 लाख रुपए एडवांस में चेक के जरिए दिए थे। जमीन का सौदा एक वर्ष पहले हुआ था। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने कई लोगों से उस जमीन पर पैसे ले रखे हैं।

रामपुर थाने में दर्ज कराए गए केस में कोतवाली थाना क्षेत्र के किरानी घाट के रहने वाले प्रभात कुमार भदानी का कहना है कि कुसुम सिन्हा और विनय सिन्हा ने नूतन नगर का प्लाट बेचने का करार हुआ था। प्लाट की कीमत एक करोड़ 20 लाख रुपए तय किया गए थे। साथ ही एग्रीमेंट भी विधिवत रूप से दोनों के बीच हुआ था। छह महीने के अंदर प्लाट की रजिस्ट्री की जानी थी, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी कुसुम सिन्हा और उनके परिवार वाले रजिस्ट्री करने से कतराने लगे। यही नहीं जमीन छोड़ देने के लिए अपराधियों द्वारा भय भी पैदा किया जाने लगा और हमला भी कराया गया। लेकिन कुसुम सिन्हा ने 50 लाख रुपए नहीं लौटाए और न ही जमीन की रजिस्ट्री की। रामपुर इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी जांच पड़ताल के बाद की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपी मां बेटे हैं। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### विद्युत चोरी को लेकर आंटा मिल में छापा, प्राथमिकी दर्ज

**कोंच (रासासं):** खजुरी पंचायत के ग्राम चिचौरा में अवैध विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में विद्युत विभाग के द्वारा छापेमारी की गई जिसमें लाखों रुपए का जुमार्ना लगाते हुए बुधवार को प्राथमिकी दर्ज हुई है। जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने बताया की मेरे नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापामारी के दौरान ग्राम चिचौरा निवासी सुधीर कुमार शर्मा पिता स्व.त्रियोगी प्रसाद शर्मा पर 3,55,398 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ये बिना विद्युत कनेक्शन के एलटी लाइन में टोका फंसाकर घर के परिसर में आटा चक्की मिल को चला रहे थे। वहीं, केर पंचायत के ग्राम बडगांव में अवैध विद्युत ऊर्जा चोरी मामले में चंदन यादव पिता रामबलम यादव पर 78791 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

# मोदी मंत्रिमंडल में सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांटा गया हैः कांग्रेस

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित 72 मंत्रियों के कार्यभार संभालने के उपरांत उनकी करनी और कथनी में साफ अन्तर झलक रही है क्योंकि प्रधानमंत्री जो हमेशा विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले अपने मंत्रिमंडल में दर्जनों सरकारी परिवार को सत्ता का वसीयत बांटने का काम किया है। बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, उदय शंकर पालित, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मोहम्मद समद, रूपेश चौधरी, अशोक राम, राहुल चंद्रवंशी,कौशलेंद्र यादव बुढ़ा, आशीष लोहार, आदि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी दलों को हमेशा, परिवारवाद, शहजादा कहने वाले अपने मंत्रिमंडल में एच डी कुमार स्वामी जो पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पुत्र हैं, ज्योतिरादित्य सिंधिया पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया के पुत्र, किरण री ज जु , अरुणाचल प्रदेश के प्रमोट स्पीकर रि नचीन खारू के पुत्र, रक्षा खड़से महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री विधायक एकनाथ खड़गे के पुत्रवधू, जयंत चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पौत्र, चिराग पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान के पुत्र, जे पी नड्डा, मध्य प्रदेश के पूर्व सांसद और मंत्री जय श्री बनर्जी के दामाद, कमलेश पासवान उत्तरप्रदेश सांसद ओम प्रकाश पासवान के बेटे, रामनाथ ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के पुत्र, राममोहन नायडू पूर्व केन्द्रीय मंत्री ये रे न नायडू के पुत्र, जितिन प्रसाद, उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद जितेन्द्र प्रसाद के पुत्र, शांतनु ठाकुर, पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री मंजुल कृष्णा ठाकुर के पुत्र, राव इन्द्रजीत सिंह हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव वीरेंद्र सिंह के पुत्र, पीयूष गोयल पूर्व मंत्री वेद प्रकाश गोयल के पुत्र, कीर्ति वर्धन सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महाराज आनंद सिंह के पुत्र, वीरेंद्र कुमार कार्तिक मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री गौरी शंकर के ब्रदर ईन ला, रवनित सिंह बिट्टू पंजाब के पूर्व मंत्री बेअंत सिंह के पौत्र, धर्मेंद्र प्रधान पूर्व केन्द्रीय मंत्री देवेन्द्र प्रधान के पुत्र, अनु प्रिया पटेल अपना दल के संस्थापक सोने लाल पटेल की पुत्री, अन्नपूर्णा देवी झारखंड के पूर्व विधायक रमेश प्रसाद यादव की पत्नि आदि सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांटने का काम किए हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. : ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–307, दिनांक 07.06.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिलाः मालदा, पिनः 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : डीआरएम कार्यालय के पीछे के आसपास के अंचलों के विकास के साथ कॉन्फ्रेंस रूम के निर्माण के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 30,30,045.56, **बयाना राशि:** रु.60,600/–**निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 17.06.2024 से 01.07.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-37/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# ट्रेन के प्लेटफार्म बदलने की सूचना पर यात्रियों को हुई परेशानी, एसएस ने कहा-प्रॉपर प्लेटफॉर्म खाली नहीं था

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** गया जंक्शन पर बुधवार को उस वक्त यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया जब पटना जाने वाली ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर ले लिया गया। बताया गया कि बुधवार को डीडीयू-गया सवारी ट्रेन 03384 देरी से चल रही थी। इसी ट्रेन के कोच को गया से पटना के लिए 03270 बनाकर खुलना था लेकिन यह ट्रेन जिस वक्त गया जंक्शन पर आने वाली थी तो जिस प्लेटफॉर्म से प्रॉपर इसे खुलवाना था, उस पर नहीं रिसीव कर प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर लिया गया। जिसकी सूचना पूछताछ काउंटर पर बैठे कर्मचारी ने पटना से गया जाने वाली ट्रेन के आगमन की सूचना प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर कर दी। इसके बाद पटना जाने वाले यात्री प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आई 03384 के बोगी में जगह लेने के लिए दौड़ पड़े। जबकि तीन नम्बर प्लेटफॉर्म से पटना के लिए ट्रेन को लाइन नहीं दिया जा सकता था। इसलिए पुनः उद्घोषणा की गई कि प्लेटफार्म नंबर तीन पर आई ट्रेन को प्रॉपर प्लेटफॉर्म पर प्लेस किया जा रहा है। जो यात्री गया से पटना जाने वाले हैं वे इस ट्रेन के बोगी से उतर जाएं। जबकि डीडीयू से चलकर इस इस ट्रेन से गया आकर पटना जाने वाले यात्री जो बैठे रह गए थे, उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी स्टेशन अधीक्षक मिथिलेश कुमार ने बताया कि जिस वक्त डीडीयू-गया सवारी गाड़ी गया आने वाली थी उस वक्त कोई प्रॉपर प्लेटफॉर्म खाली नहीं था। प्लेटफॉर्म नंबर 09 पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। जिसे खुलवाने के बाद 03270 की रेक को प्लेटफॉर्म नंबर पर शंटिंग कराकर लाया गया। इसके बाद यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 11:15 के बजाय करीब एक घण्टा देरी से 12:13 बजे पटना के लिए खुली। उन्होंने बताया कि रेलवे के पूछताछ कार्यालय से लगातार इसकी सूचना दी जाने लगी थी लेकिन इस वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसको लेकर यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। प्लेटफॉर्म बदलने को लेकर यात्रियों को इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा

**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना**

**केवल ई0 निविदा पद्वति के अुनसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर**
**अतिअल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2024–2025**

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– **विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना।**
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :– 11.06.2024
3. परिमाण विपत्र (अपलोड/डाउनलोड) करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 27.06.2024 को 15:00 बजे तक।
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :– दिनांक–27.06.2024 को 15:30 बजे तक।
   a. विद्युत कार्यपालक अभिंयता,विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना।
   b. विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 29.06.2024 को 3.30 बजे अपराहन तक।
   प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 24.06.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अचंल, दक्षिण बिहार, पटना।
6. परिमाण–विपत्र की बिक्री एवं स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन।
9. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण–विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) | ई–निविदा Bid processing fee | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R with addition & alteration to E.W & E.I in Ground Floor of Old Building (G+1) in the Campus of B.P.S.C Office Bailey Road at Patna | 19,36,093/- | 38,800/- | 5,000/- | As Per Online Requirement | 25 दिन। |

10. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/ **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

PR. No. 001688 (BCD) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य की बदलती स्थिति पर मंथन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**गया:** गंगा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य की बदलती स्थिति पर मंथन करने के लिए दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया ` जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर राम कुमार के सहयोग से 'चेंजिंग स्टेटस आफ इकोसिस्टम हेल्थ ऑफ दी रिवर गंगाः एन अपडेट एंड रिव्यु' विषय पर दिल्ली विश्वविद्यालय के हिमालयन अध्ययन केंद्र में संगोष्ठी आयोजित की गई हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) संगोष्ठी में देश - विदेश से कई विशेषज्ञों एवं पर्यावरणविद जुड़े।

सीयूएसबी के प्रो. राम कुमार के साथ, संगोष्ठी में दुनिया के विभिन्न हिस्सों से प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शोधकताओं द्वारा विषय पर व्याख्यान दिए गए जिनमें डॉ. मोहिउद्दीन मुनव्वर (वरिष्ठ वैज्ञानिक, मत्स्य और महासागर, कनाडा), डॉ. दिलीप कुमार (पूर्व निदेशक/वीसी आईसीएआर-सेंटर फॉर इनलैंड फिशरी एजुकेशन, भारत), प्रो. भूपेंद्र नाथ पांडे (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष), डॉ. बी. के. चक्रवर्ती (पूर्व निदेशक, मत्स्य विभाग, मत्स्य बबून, बांग्लादेश), प्रो. श्याम नारायण लाभ (त्रिभुवन विश्वविद्यालय, नेपाल), डॉ. उत्तम कुमार सरकार (निदेशक, आईसीएआर- राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, भारत), प्रो. राजेश (प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय) नोडल अधिकारी उन्नत भारत अभियान, डॉ. फैयाज ए खुदसर (आईएफएस, एपीपीसीएफ, भारत), जैव विविधता पार्क कार्यक्रम, दिल्ली विश्वविद्यालय), पद्मश्री डॉ. आर. के. सिन्हा (पूर्व प्रोफेसर, पटना विश्वविद्यालय, भारत) और श्री के. के. सिंह (आईएफएस, एपीपीसीएफ, भारत) आदि शामिल थे।

संगोष्ठी में छह तकनीकी सत्रों में पारिस्थितिकी, लौकिक गतिशीलता, जल गुणवत्ता, माइकोलॉजी, संरक्षण जीनोमिक्स और बहाली रणनीतियों सहित गंगा नदी पर अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया गया। तकनीकी प्रस्तुतकताओं में भारत, नेपाल, बांग्लादेश के सभी हिस्सों के शोधकर्ता और पाकिस्तान में सतलुज नदी पर काम करने वाले वैज्ञानिक भी वेबिनार में शामिल हुए। संगोष्ठी का समापन विशेषज्ञों द्वारा पैनल चर्चा के साथ हुआ और सभी वैज्ञानिकों ने गंगा नदी में सुधार और बहाली के लिए किए जाने वाले विचार-विमर्श और कार्रवाई के परिणामों पर अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के दौरान पैनलिस्टों ने गंगा नदी में बदलावों का आकलन करने के लिए बहु-विषयक कार्य और विभिन्न संस्थानों और वैज्ञानिकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। पैनल ने गंगा नदी के स्वास्थ्य की बहाली को सक्षम करने के लिए सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर भी ध्यान आकर्षित कराया। संगोष्ठी सभी प्रतिभागियों के अभिनव सुझावों और गंगा नदी के सुधार के लिए काम करने के सामूहिक दृष्टिकोण के साथ समाप्त हुई। उन्होंने गंगा क्षेत्र की चिंता पर एक कार्य समूह का गठन करने के भविष्य के लक्ष्य के साथ संगोष्ठी का समापन किया। साथ-ही-साथ विशेषज्ञों ने गंगा नदी के लिए काम करने में शोधकताओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों और आम जनता की भागीदारी पर भी जोर दिया।

### नीतीश मिश्रा को गया जिले के प्रभारी मंत्री मनोनीत किये जाने पर दी शुभकामनाएं



**गया (रासासं);** बिहार सरकार के उधोग व पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा को गया जिले के प्रभारी मंत्री मनोनीत किये जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई। नीतीश मिश्रा को प्रभारी मंत्री बनाये जाने पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। श्री कुमार ने कहा कि श्री मिश्रा के प्रभारी काल में गया जिले का चौमुखी विकास होगा। कर्तव्यनिष्ठ व पारदर्शी तरीके से काम करने में उनकी पहचान है। गया जिले के प्रभारी मंत्री बनने पर बधाई देने वाले में असलम अंसारी, सुरेश ठाकुर, जर्नादन दांगी, मंदीप प्रजापति, शिवपूजन प्रसाद, मो शकील अंसारी, इंद्र ठाकुर, सीमा गुप्ता, नरेश चौहान, विरेंद्र शर्मा, संजीत कुमार, वलीराम वर्मा व अन्य है।

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.**
**पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025**
**सीआईएन : U65900DL2020PLC366027**

**नीलामी सूचना**

शिविलक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाएं। अल बोर्तोवे एहरर्सेब ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमामेंट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार **27.06.2024** को नीलामी की तारीख तय की गई थी और **दोपहर 03:00** बजे शाखा परिसर से यहां ओन का लाभ उठाया गया था। अल कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलार्ग सहित, नीलामी की शर्तों और शर्तों में भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता नंबर | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गाजियाबाद | 101542513159 | सुभाषदेवी | सुन्दर देव सिंह | ग्राम रामपुर प्राथमिक विद्यालय के पास थाना सिधवलिया बरौली गोपालगंज बिहार 841405 | 25–12–2023 | 149267.07 |

**नीलामी तिथि 27.06.2024 @03:00 बजे है।**

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।**